Title: Need to stop the proposal of setting up a Field firing range at Chatra, Bihar.

श्री नागमणि : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने निर्वाचन क्षेत्र चतरा की एक अति महत्वपूर्ण समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं। हाल में भारत सरकार ने चतरा में फील्ड फायरिंग रेंज बनाने का प्रस्ताव किया है जिसमें चतरा, हंटरगंज और बाराचटी प्रखंड के ५१८ गांव आते हैं। बिहार में १७ तरह के खनिज पदार्थ हैं। वहां आज तक एक भी खनिज पदार्थ का कारखाना नहीं खोला गया है और भारत सरकार फील्ड फायरिंग रेंज बना रही है। यदि वहां खनिज पदार्थ का कारखाना बनाया जाए तो लाखों बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलेगा। वहां फील्ड फायरिंग रेंज बनाने का कोई औचित्य नहीं है। हमने चतरा में पचास हजार लोगों के बीच कहा है। अगर इसके बावजूद चतरा में फील्ड फायरिंग रेंज बनाने की कोशिश की गई तो हम संसद में आत्मदाह करेंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार की होगी। पूरे देश के पैमाने पर नक्सल आंदोलन चल रहा है। लेकिन जिन कारणों से लोग नक्सलाइट बन रहे हैं, उन कारणों को अनदेखा किया जा रहा है। शिक्षित नौजवानों के रोजगार के लिए कुछ नहीं किया जाता। यदि वहां खनिज पदार्थ का कारखाना नहीं खोलेंगे तो लोग नक्सलाइट नहीं बनेंगे तो क्या बनेंगे। ... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : मि. नागमणि, इस तरह से आप उनको न सुनें।

श्री नागमणि : वे बीच में क्यों टोकते हैं, ये बोलने वाले कौन हैं?

उपाध्यक्ष महोदय : आप सीनियर मैम्बर हैं। इस तरह से उनको

श्री नागमणि : क्या सीनियर मैम्बर के नाम पर इस तरह से चलेगा? उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे एक बात निवेदन करना चाहता हूं कि हम ८-१० दिन से लगातार जीरो ऑवर में नोटिस दे रहे हैं, लेकिन हर बात में सीनियर लोग खड़े हो जाते हैं। हम नये लोग इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम आपको स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं, कुछ लिमिटेड लोग हैं, जो खड़े हो जाएंगे, लगता है कि पूरे देश के ठेकेदार ये लोग बन गये हैं। अगर आप हम लोगों की बात नहीं मानेंगे तो हम लोग यहां यूनियन बना लेंगे और यूनियन के माध्यम से लड़ाई लड़ेंगें।

... (व्यवधान) <